दिन– शनिवार                                                                 दिनांक– 31 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                    अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल लोकसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेंगी।

02. विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा– विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान शून्य काल के प्रश्न भी ऑनलाईन लिये जायेंगे।

03. सुप्रीम कोर्ट ने सभी स्कूलों में लड़कियों के लिए निःशुल्क सैनेटरी नेपकिन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

04. और, दरभंगा में बर्ड फ्लू की पुष्टि। जिला प्रशासन ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की।

———————————————————————

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल लोकसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का केन्द्रीय बजट प्रस्तुत करेंगी। लोकसभा के बाद बजट की प्रति राज्यसभा में पेश की जायेगी। संसद में बजट भाषण सम्पन्न होने के बाद बजट की प्रति मोबाईल एप और वेबसाईट पर भी उपलब्ध होगी।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया की उन ख़बरों का खंडन किया है, जिसमें केंद्रीय बजट दो हजार छब्बीस–सत्ताईस की स्कैन प्रति मैसेंजर ऐप पर लीक होने दावा किया जा रहा है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने इस दावे को निराधार बताया है। इकाई ने कहा कि प्रसारित हो रही एक तस्वीर पिछले बजट की है जो डिजिटल रूप से संपादित करके बनाई गई है। वहीं, दूसरी तस्वीर पूरी तरह से डिजिटल रूप से बनाई गई है और किसी भी आधिकारिक केंद्रीय बजट दस्तावेज से संबंधित नहीं है।

———————————————————————

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू हो रहा है। यह सत्र सत्ताईस फरवरी तक चलेगा। इस दौरान कुल उन्नीस बैठकें होंगी। बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां विधानमंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों को संबोधित करेंगे। इसी दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश होगा और राज्यपाल द्वारा स्वीकृत अध्यादेशों की प्रति सदन पटल पर रखी जायेगी। सत्र के दूसरे दिन तीन फरवरी को वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश होगा। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने आकाशवाणी

समाचार से विशेष बातचीत में बताया कि इस बार बजट सत्र में शून्य काल के दौरान सदस्यों से ऑनलाईन प्रश्न लिये जायेंगे।

---बाईट---

————————————————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में मासिक धर्म स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार बताया है। न्यायालय ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को सभी स्कूलों में लडकियों के लिए निः शुल्क सैनेटरी नेपकिन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। न्यायामूर्ति जे.बी. पारदीवाला और आर. महादेवन की पीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि लड़कियों की शिक्षा और उनके स्वास्थ्य के बीच का फासला कम करने के लिए एक नेशनल मॉडल बनाना बेहद जरूरी है। न्यायालय ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि प्रत्येक स्कूल में लड़कों और लड़कियों के लिए अलग–अलग शौचालय हों।

————————————————————————————————

दरभंगा में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। दरभंगा शहरी क्षेत्र में पिछले दिनों कई कौए मृत पाये गये थे। पशुपालन विभाग के पदाधिकारी डॉक्टर मोहम्मद इंतखाब अख्तर ने बताया कि मृत कौए के नमूने जांच के लिए भोपाल और कोलकाता भेजे गये। जांच रिपोर्ट में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है।

---बाईट---

इधर, दरभंगा जिला प्रशासन ने लोगों से चिकेन और अंडा खाने से परहेज करने की अपील की है। लोगों से चिकेन अच्छी तरह पकाकर ही खाने को कहा गया है। वहीं, एहतियातन प्रभावित क्षेत्रों में दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

————————————————————————————————

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत चयनित महिलाओं को उद्यम शुरू करने के लिए कुल दो लाख दस हजार रूपये की राशि आवंटित की जायेगी। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि योजना के दूसरे चरण में बीस हजार, तीसरे चरण में चालीस हजार, चौथे चरण में अस्सी हजार और पांचवे तथा अंतिम चरण में साठ हजार रूपये की राशि दी जायेगी।

---बाईट---

गौरतलब है कि पहले चरण के तहत अब तक एक करोड़ छप्पन लाख महिलाओं को दस–दस हजार रूपये की राशि दी जा चुकी है।

————————————————————————————————

प्रदेश में संचालित इक्यानवे अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति विद्यालयों में चार हजार नौ सौ छियासठ पदों पर नियुक्ति की जायेगी। विभागीय मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि इनमें से एक हजार तीन सौ छब्बीस पद शिक्षकों के होंगे।

————————————————————

प्रदेश में फरवरी माह में रविवार के दिन भी रजिस्ट्री ऑफिस खुलेंगे। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव अजय यादव ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवकाश को छोड़कर फरवरी माह के सभी रविवार को निबंधन कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की तरह कार्य करेगा।

————————————————————

प्रदेश में खाद की कालाबाजारी करने के आरोप में एक सौ अठारह उर्वरक दुकानों के लाईसेंस रद्द कर दिये गये हैं। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने बताया कि रबी मौसम के दौरान खाद की अनुपलब्धता की शिकायत मिलने पर यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य के किसी भी जिले में खाद की कोई कमी नहीं है।

————————————————————

देश में कई स्थानों पर बर्फबारी और बारिश के चलते प्रदेश के मौसम में बदलाव देखा गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत कई स्थानों के अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की गयी है। इस दौरान कोहरे और ठंडी हवाओं से जनजीवन प्रभावित हुआ है। शेखपुरा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि आज सुबह घने कोहरे के कारण सड़क पर सौ मीटर दृश्यता देखी गयी। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में क्रमिक बढ़ोतरी होगी।

———बाईट———

————————————————————

गंगा, कोसी और बागमती समेत कई अन्य नदियों से घिरे खगड़िया जिले ने पिछले दो दशक में विकास के कई नए आयाम छुए हैं। इसी कड़ी में खगड़िया–अलौली–कुशेश्वरस्थान रेल परियोजना के शेष खंड के लिए भूमि अधिग्रहण का काम शुरू हो गया है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

खगड़िया–अलौली–कुशेश्वरस्थान रेल परियोजना के तहत अलौली से कुशेश्वरस्थान खंड के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इस खंड का निर्माण कार्य वर्षों से लम्बित था। खगड़िया और अलौली के

बीच रेल परिचालन पहले से ही चालू है। शेष रेलखंड के निर्माण को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सामाजिक प्रभाव आकलन की प्रक्रिया शुरू की गयी है। इसके तहत एसआईए की टीम ने अलौली प्रखंड के चेरा–खेरा गांव पहुंच कर काम शुरू कर दिया है। यह टीम प्रभावित क्षेत्रों में जाकर भूमि अधिग्रहण से होने वाले सामाजिक, आर्थिक और आजीविका संबंधी प्रभाव का विस्तृत अध्ययन कर रही है। उम्मीद है कि वर्षों से लम्बित इस रेल परियोजना का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर सम्पर्क सुविधा उपलबध होगी।

आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

———————————————————————

नागरिक विमानन मंत्रालय, द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित विंग्स इंडिया दो हजार छब्बीस कार्यक्रम में बिहार को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान नागरिक उड्डयन क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति, दूरदर्शी नीतिगत सुधारों और अवसंरचना विकास के लिए प्रदान किया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने सिविल विमानन विभाग के सचिव डॉक्टर निलेश रामचंद्र देवरे को हैदराबाद में आयोजित कार्यक्रम में यह पुरस्कार प्रदान किया।

———————————————————————

शिवहर की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के दोषी जिनिश राय को बीस साल कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, हाजीपुर की पॉक्सो अदालत में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो दोषियों को बीस–बीस वर्ष कारावास और पचास–पचास हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————

खगड़िया के पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने अलौली के थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार समेत ग्यारह पुलिसकर्मियों और गंगौर थाना में पदस्थापित अवर निरीक्षक अरुण कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही  छह अन्य पुलिस अवर निरीक्षकों के वेतन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इन सभी पुलिस पदाधिकारियों पर लंबित कांडों के अनुसंधान में घोर लापरवाही बरतने का आरोप है।

———————————————————————

गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र के देवरी–डुमरी फायरिंग जोन में तोप का गोला फटने से एक किशोर की मौत हो गयी जबकि एक अन्य घायल हो गया।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के बथवलिया थाना क्षेत्र के चूड़ीहरवा पटखौली सरेह में पुलिस ने छापेमारी कर दो सौ तीन किलो गांजा बरामद किया है।

———————————————————————

और अब खबरें खेल की .....

पटना स्थित मोईनुलहक स्टेडियम को चार सौ अंठानवे करोड़ रूपये की लागत से अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट कॉम्पलेक्स के रूप में विकसित किया जायेगा। इसके लिए बिहार क्रिकेट एसोसिएशन और निर्माण कम्पनी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।

कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप मुकाबले में बिहार ने नगालैंड के खिलाफ पहले दिन का खेल समाप्त होने तक नब्बे ओवर में चार विकेट के नुकसान पर तीन सौ छियासठ रन बना लिये है। बिहार की ओर से प्रशांत कुमार ने सबसे अधिक एक सौ चालीस रन बनाये।

लखीसराय में सम्पन्न इक्यावनवीं बिहार स्टेट सीनियर पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता में पटना की टीम विजेता बनी है। पटना में बेगूसराय को रोमांचक मुकाबले में चालीस–सैंतीस से पराजित किया।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्य में नदियों का अध्ययन करेगी पांच विशेषज्ञों की टीम।

दैनिक जागरण की प्रमुख खबर है– राज्य सरकार ले सकती है अस्सी हजार करोड़ कर्ज। जीएसडीपी की तुलना में पांच प्रतिशत ऋण की अनुमति मांग चुका है केन्द्र सरकार से बिहार।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– बजट से पहले सर्राफा बाजार में बिकवाली। चांदी एक दिन में चालीस हजार रूपये और सोना नौ हजार पांच सौ पैंतालीस रूपये फिसला।

प्रभात खबर लिखता है– बिहार में पांच हजार करोड़ के निवेश से चिप बनाने की तीन यूनिट लगेगी।

राष्ट्रीय सागर ने लिखा है– बिहार के सात राष्ट्रीय जलमार्गों पर जेटी–टर्मिनलों का जाल बिछेगा।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल लोकसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेंगी।

02. विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा– विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान शून्य काल के प्रश्न भी ऑनलाईन लिये जायेंगे।

03. सुप्रीम कोर्ट ने सभी स्कूलों में लड़कियों के लिए निःशुल्क सैनेटरी नेपकिन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

04. और, दरभंगा में बर्ड फ्लू की पुष्टि। जिला प्रशासन ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।